
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 10.10.2021 से 16.10.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## BJP अल्पसंख्यक मोर्चा बैठक

(दिनांक 11.10.2021)



**विषय:** BJP अल्पसंख्यक मोर्चा बैठक।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने विशेष कार्यक्रम के तहत चण्डीगढ़ स्थित अपने आवास पर BJP अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों से मुलाकात की। अल्पसंख्यक मोर्चा ने सरकार द्वारा अल्पसंख्यक मोर्चे के लिए किए गए कार्यों के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अल्पसंख्यकों के लिए 5 कम्यूनिटी सेंटर भी खोलने का वादा किया जहां पर उनके लिए अभी कोई कम्यूनिटी सेंटर नहीं हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विपक्ष द्वारा हमेशा अल्पसंख्यक लोगों को BJP के प्रति डराया गया लेकिन हम सबका साथ सबका विकास में भरोसा करने वाले लोग हैं और उसकी सिद्धांत पर काम कर रहे हैं।


## परिवार पहचान पत्र के कार्य की समीक्षा

(दिनांक 11.10.2021)



**विषय:** परिवार पहचान पत्र के कार्य की समीक्षा।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने परिवार पहचान पत्र की समीक्षा की जिसके तहत चल रहे सर्वे कार्य को जल्द पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही सभी सेवाओं को 1 नवंबर तक परिवार पहचान पत्र से जोड़ने और प्रापर्टी आई.डी को भी पी.पी.पी. के तहत लाने का आदेश दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वेस्ट वॉटर के पुनः इस्तेमाल की समीक्षा

(दिनांक 12.10.2021)



**विषयः वेस्ट वॉटर के पुनः इस्तेमाल की समीक्षा।**

**निर्णयः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने वेस्ट वॉटर को पुनः इस्तेमाल करने और इसके प्रबंधन के लेकर समीक्षा बैठक की जिसमें निर्णय लिया गया कि :-

- वेस्ट वॉटर के ट्रीटमेंट के लिए प्लांट लगाए जाए और इसके लिए योजना बनाई जाए।
- जो प्लांट पहले से लगे हैं उनकी क्षमता बढ़ाने और गुणवत्ता को बेहतर किया जाए।
- इंडस्ट्री को ट्रीटेड वॉटर दिया जाए और साफ पानी की सप्लाई शहरों में पीने के लिए की जाए।


## NCR प्लानिंग बोर्ड की बैठक

(दिनांक 12.10.2021)




**विषयः NCR प्लानिंग बोर्ड की बैठक।**

**प्रभावः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली निर्माण भवन में केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह पूरी जी की अध्यक्षता में हुई NCR प्लानिंग बोर्ड की मीटिंग में भाग लिया और हरियाणा का पक्ष रखते हुए NCR से संबंधित विभिन्न मुद्दे को उठाया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ बैठक

(दिनांक 13.10.2021)




**विषय: नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिधिंया जी से मुलाकात कर हरियाणा के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की जिसमें निर्णय लिया गया कि :–

- हरियाणा के गुरूग्राम मे हेलिकॉपटर हब बनाया जाएगा।
- उड़ानों की संख्या को बढ़ाने के लिए वेट को कम किया जाएगा।

## 2 नए शिक्षण संस्थानों का मंजूरी

(दिनांक 13.10.2021)

**विषय: 2 नए शिक्षण संस्थानों का मंजूरी।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाने हुए राष्ट्रीय महत्व के 2 प्रदेश स्तरीय संस्थान शुरू करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत गुरूग्राम व कुरूक्षेत्र में स्टेट इंस्टीटयटू ऑफ एडवांस स्टडीज इन टीचर एजुकेशन शुरू करने का निर्णय लिया गया है।


## BJP प्रदेश परिषद की बैठक

(दिनांक 13.10.2021)



**विषय: BJP प्रदेश परिषद की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने BJP प्रदेश परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश धनकड़ जी, प्रदश प्रभारी श्री विनोद तावड़े जी, सभी मंत्री, विधायकों और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। यह बैठक 39 साल बाद पंचकूला के ताऊ



# साप्ताहिक सूचना पत्र

देवीलाल स्टेडियम में आयोजित की गई। जिसमें सरकार के 7 साल पूरे होने पर 7 साल 7 कमाल को रखा गया और साथ ही 27 अक्तूबर को 70 हजार कार्यकर्ताओं द्वारा 7 लाख परिवारों से जुड़ने का भी आवहान किया गया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज सरकार और पार्टी जहां कहीं भी है वहां कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत है। पहले हमारी गिनती नहीं होती थी क्योंकि हमारी संख्या नहीं थी, हमारी गिनती अब भी नहीं हो सकती क्योंकि संख्या इतनी है। हमें सेवा के अपने इस सफर को यूं ही जारी रखना है।

## जिला उपायुक्तों के साथ बैठक

(दिनांक 13.10.2021)

**विषय: जिला उपायुक्तों के साथ बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने निर्देश दिए कि :–

- जहां–2 जलभराव है वहां जल निकासी का काम अतिशीघ्र किया जाए।
- जल निकासी के लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिष्चित की जाए।
- खाद्य की उपलब्धता सुनिष्चित की जाए और इसकी निगरानी की जाए कि कहीं कोई कालाबाजारी न हो।
- बाजरे का भावांतर भुगतान जल्द मिले यह तय किया जाए।
- पराली जलाने की घटनाएं न हो इसके लिए किसानों को जागरूक कर उचित निगरानी रखी जाए।


## BJP सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात

(दिनांक 14.10.2021)



**विषय: BJP सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर BJP सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर सेवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम से सेवा पहुंचाने और गरीबों के लिए योजनाएं बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी पदाधिकारियों से 10–10 गरीब



# साप्ताहिक सूचना पत्र

परिवारों की सूची बनाने और योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से मिलने के लिए कहा। साथ ही मकान की मरमत और रोगियों को ईलाज में मिलने वाली सहायता जल्द मिल सके इसके लिए कमेटी गठित कर ऑनलाइन व्यवस्था बनाने का भी आश्वासन दिया।

## हाउसिंग फॉर ऑल विभाग की समीक्षा बैठक

(दिनांक 14.10.2021)



**विषय: हाउसिंग फॉर ऑल विभाग की समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के साथ बैठक की जिसमें निर्णय लिये गये कि :–

- विभाग एक समग्र योजना बनाएगा जिसके तहत जिन लोगों के पास अभी अपना घर नहीं है उन्हें घर मुहैया करवाया जा सके।
- इस योजना को इस प्रकार तैयार किया जाएगा जिसमें वह लोग भी शामिल हो सकेंगे जिनके पास घर बनाने के लिए जमीन नहीं है।
- घरों की अलग–2 कैटीगिरी होगी और व्यक्ति अपने अनुसार घरों का चयन कर सकेगा।
- हाउसिंग बोर्ड अपने खाली पड़े मकानों को भी बोली के आधार पर बेचेगा।


## कैबिनेट सब कमेटी की बैठक

(दिनांक 14.10.2021)



**विषय: कैबिनेट सब कमेटी की बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा में शहरों और गांवों की सफाई को लेकर कचरे के निस्तारण और उसके प्रबंधन के संबंध में एक अहम बैठक हुई। उस बैठक में उप–मुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला जी और गृह मंत्री तथा शहरी निकाय मंत्री श्री अनिल विज जी भी शामिल हुए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

उक्त बैठक में निर्णय लिये गये कि :–

- साफ–सफाई की दृष्टि से हरियाणा के सभी शहरी निकायों में कचरे के निस्तारण और प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी साथ ही हर घर से कचरा इक्टठा करने की व्यवस्था की जाएगी।
- गांवों के लिए अलग योजना बनाई जाएगी जिसमें गोबर से खाद बनाना, बायो गैस बनाना और एनर्जी प्लांट में गोबर के इस्तेमाल को बढ़ावा देना शामिल हैं। बैठक में कचरे के निस्तारण और प्रबंधन के लिए आवश्यक बजट को भी मजूरी दी गई।

## ऐलनाबाद के युवाओं से संवाद

**(दिनांक 15.10.2021)**



**विषय: ऐलनाबाद के युवाओं से संवाद।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ऐलनाबाद के 1000 युवाओं से विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। जिसमें युवाओं ने माननीय मुख्यमंत्री जी से सवाल पूछे और अपनी समस्याएं भी बताई। नशे की रोकथाम की समस्या पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने तत्काल पुलिस अधीक्षक सिरसा को आदेश दिए।

चौपटा गांव के 20 किलोमीटर दायरे में कोई कॉलेज नहीं होने की बात पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसका निरीक्षण करवाने और वहां कॉलेज की व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसान आंदोलन और ऐलनाबाद चुनाव के संबंध में भी युवाओं द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया साथ ही एक युवक ने बिना पर्ची–खर्ची के नौकरी लगाने पर मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया।

मुख्यमंत्री जी ने युवाओं से आगे आने और समाज को दिशा देने का भी आवहान किया।

इसके साथ ही कुछ दिन पहले ऐलनाबाद के गांवों के सरपंचों के डेलिगेशन ने भी माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर गांवों के पानी की समस्या को हल करने और टले तक पानी पहुंचाने के लिए उनका धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।